an>

Title: Need to provide adequate passenger facilities at Darbhanga railway station in Bihar and also beef up security system at the station.

श्री कीर्ति आज़ाद (दरभंगा) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, दरभंगा (बिहार) 'A1' श्रेणी रेलवे स्टेशन होने के बावजूद भी यहाँ 'A1' श्रेणी की सुविधाएं स्टेशन पर उपलब्ध नहीं हैं। स्टेशन पर साफ-सफाई की व्यवस्था दयनीय है। शौचालयों की सफाई तो कल्पना से परे है। स्टेशन परिसर में व्यापक वाहन पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण स्टेशन के बाहर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्टेशन पर सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण मेटल डिटेक्टर का अभाव है तथा अधिकतर खराब स्थिति में हैं। सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी भी सदैव नदारद रहते हैं। सी.सी. टी.वी. कैमरे उपयुक्त मात्रा में नहीं है। दरभंगा स्टेशन से निकले पानी की निकासी का समुचित समाधान न होने के कारण दरभंगा शहर वार्ड संख्या 17 में सदैव पानी भरा रहता है जिससे स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के अन्तर्गत कई छोटे-छोटे रेलवे स्टेशन हैं, जहाँ पर पेयजल, शौचालय, रोशनी की व्यवस्था का अभाव है तथा क्षेत्र के अन्तर्गत बने कई समपारों के दोनों तरफ की सड़कों की स्थिति दयनीय है।